डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही

दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2026-27


प्रशिक्षण कार्यशाला

आख्या

दिनांक 19 सितम्बर 2026

दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2026-27 के प्रभावी एवं सुचारु क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 19 सितम्बर 2026 को महाविद्यालय परिसर में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. माया ने क़े किया । प्रशिक्षण कार्यशाला में नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार सिंह द्वारा प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रिया, छात्र-छात्राओं के आवेदन, अभिलेखों के सत्यापन, आवश्यक सावधानियों तथा समयबद्ध कार्यवाही के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान छात्रवृत्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा छात्र-छात्राओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। प्राचार्य प्रो. माया ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक सुगमता एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाना महाविद्यालय की प्राथमिकता है।कार्यक्रम में डॉ. रविंद्र पांडेय, श्री बृजेश कुमार, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अंकिता तिवारी, डॉ. शिखा तिवारी, सुश्री पूनम द्विवेदी, डॉ. दिलीप बौद्ध, डॉ. रुस्तम अली, डॉ. ऋत्विक रंजन सिंह, श्री आशीष जायसवाल, डॉ. अमित तिवारी, डॉ. अनीश मिश्र सहित अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से सभी संबंधित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को छात्रवृत्ति प्रक्रिया को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण करने के लिए आवश्यक जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ ।


डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही
दशमोत्तर छात्रवृति योजना
2026-27 हेतु
प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के साथ
मीटिंग एवं प्रशिक्षण कार्यशाला
19/09/2026
स्मार्ट क्लास
प्रो. माया
SPM-2023-24
SPM-2023-24


डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय
महाविद्यालय, भदोही, उ० प्र०
रोड सेफ्टी क्लब
सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान
DON'T RISK DRIVE
SPM-2023-24
Note cam lite
Address : Ahamadpur Phulwariya,Uttar Pradesh,India
Latitude : 25.378388333333337°
Longitude : 82.59356166666666°
Altitude : 83.0 meter
Date : 09/19/26 14:23
Accuracy : 2.8 meter
Time zone : IST
Note : दशमोत्तर छात्रवृति 2926-27, ट्रेनिंग प्रोग्राम



दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के बारे में दी जानकारी

भदोही। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2026-27 के सुचारु क्रियान्वयन के लिए शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार सिंह ने प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान ऑनलाइन प्रक्रिया, छात्र-छात्राओं के आवेदन, अभिलेखों के सत्यापन, आवश्यक सावधानियों तथा समयबद्ध कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रवृत्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया गया। प्राचार्य प्रो. माया ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना का लाभ सुगमता एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्राथमिकता है। संवाद

Program link - https://docs.google.com/document/d/1H44nDXGNjb1ijIlvOjxE8dPiiF3Q7vlY6tHLt5IoenM/edit?usp=drivesdk